# उन्नाव में भारत का पहला निजी एआई-संवर्द्धित विश्वविद्यालय परिसर

## चर्चा में क्यों?

उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में **उन्नाव** में भारत के पहले **निजी** एआई-संवर्द्धित **बहु-विषयक चंडीगढ़ विश्वविद्यालय परिसर** का उद्घाटन करके उच्च शिक्षा में एक अग्रणी कदम उठाया है।

- इसका उद्देश्य आधुनिक शिक्षा को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और भारत की सांस्कृतिक विरासत के साथ मिश्रित करना है, जो उत्तर प्रदेश के शैक्षिक तथा तकनीकी परिदृश्य में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।

## मुख्य बिंदु

- **एआई-संवर्द्धित बहु-विषयक शिक्षा:**
  - नव-उद्घाटित परिसर शिक्षण पद्धतियों को बढ़ाने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता का लाभ उठाएगा, जिसमें **अनुसंधान**, **नवाचार** और **समग्र विकास** पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।
  - यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बहु-विषयक शिक्षा के अनुरूप है।
- **राष्ट्रीय मिशनों के अनुरूप:**
  - मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की स्थापना को स्टार्टअप इंडिया जैसी राष्ट्रीय पहलों के साथ जोड़ते हुए इसे उत्तर प्रदेश की वैश्विक उपस्थिति को मज़बूत करने की दिशा में **उद्यमिता** और **उद्योग सहयोग** को बढ़ावा देने वाली पहल बताया।
  - मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों के लिये **करियर मार्गदर्शन**, **उद्योग-उन्मुख कौशल विकास** तथा अवसरों के द्वार के रूप में कार्य करना चाहिये।

## उत्तर प्रदेश में शिक्षा सुधार और बुनियादी ढाँचा

- उत्तर प्रदेश में अब तक **23 नए निजी विश्वविद्यालयों** की स्थापना को प्रोत्साहन दिया गया है।
- प्रदेश में देश का पहला आयुष विश्वविद्यालय (महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर) स्थापित किया गया है तथा **एक खेल विश्वविद्यालय** (मेजर ध्यानचंद राज्य खेल विश्वविद्यालय) निर्माणाधीन है।
- नए सुधारों के तहत अब राज्य में **ग्रामीण क्षेत्रों** में 50 एकड़ तथा **शहरी क्षेत्रों** में 20 एकड़ भूमि पर निजी विश्वविद्यालय स्थापित किये जा सकते हैं।
- प्रदेश के विश्वविद्यालय अब **NAAC मूल्यांकन** और **NIRF रैंकिंग** सुधारने हेतु सतत् प्रयासरत हैं। परिणामस्वरूप, राज्य की **6 विश्वविद्यालयों** ने **A++ ग्रेड**, **2 विश्वविद्यालयों** ने **A+ ग्रेड** प्राप्त किया है तथा राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

## उत्तर प्रदेश में नवाचार की संभावनाएँ

- उत्तर प्रदेश भारत का **तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब** बनकर उभरा है, जहाँ 7,200 से अधिक सक्रिय स्टार्टअप के माध्यम से **1 लाख से अधिक रोज़गार** सृजित हुए हैं।
- प्रदेश में अब तक 8 यूनिकॉर्न कंपनियाँ स्थापित हो चुकी हैं।
- लखनऊ में एक महत्त्वाकांक्षी **AI सिटी परियोजना** की शुरुआत की गई है, जिसका लक्ष्य 400 से अधिक कंपनियों की भागीदारी से 50,000 रोज़गार सृजित करना है।
- इस AI सेंटर की स्थापना का नेतृत्व **IBM** द्वारा किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indias-first-private-ai-enhanced-university-campus-in-unnao